चैक अनादरण के मामले में दस माह का कारावास

चूरू , (कासं)। जिला मुख्यालय पर अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने चैक अनादरण के मामले में एक जने को दस माह के कारावास व अर्थदंड से दंडित किया है।

जानकारी के अनुसार मोहम्मद ईमरान पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी मोहल्ला व्यापारीयान, चूरू को चैक अनादरण के मामलें में दोषी मानते हुए दस माह के कारावास व कुल तीन लाख साठ हजार रूपयें के जुर्माने से दंडित किया है। मामला इस प्रकार था कि परिवादी मोहम्मद असलम कुरैशी से मोहम्म्द ईमरान ने दौ लाख चालीस हजार रूपयें उधार लिए थे और उसके बदले परिवादी को चैक दिया था। जिसकें पश्चात परिवादी को अदायगी न होने पर व चैक अनादरण होने पर न्यायालय में वाद दायर किया था। परिवादी के अधिवक्ता अर्जुन सिंह राठौड़ ने बताया कि चैक अनादरण के मामलें में मो ईमरान कुरैशी को दस माह का साधारण कारावास व तीन लाख साठ हजार रूपयें के जुर्माने से दंडित किया है।

अर्जुन सिंह राठौड ने बताया कि अदम अदायगी निर्धारित समय में न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास का निर्णय भी न्यायाधीश ने दिया है। परिवादी की ओर से पैरवी अर्जुन सिंह राठौड़ ने की है।

15 दिन पहले आंधी से गिरा लोहे का विद्युत पोल दे रहा हादसे को न्यौता

सादुलपुर, (निसं)। कस्बा राजगढ़ के वार्ड 3 में महाराणा प्रताप चौक के पास चेतन सोनी के मकान के पीछे आंधी से गिरे विद्युत पोल को सही नहीं करने के कारण जहां लोगों में रोष है, वहीं इस रास्ते का आवागमन भी बन्द हो गया है।

प्रेम बोथरा ने बताया कि करीबन

- **विद्युत विभाग के खिलाफ लोगों में रोष, रास्ते का आवागमन भी बन्द**
- **लोगों ने बताया कि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को बार-बार अवगत करवाने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है**

10-15 दिनों पहले आई तेज आंधी के कारण उनके घर के पास लगा लोहे का विद्युत पोल उनके मकान के उपर गिर गया था। उन्होंने बताया कि जिसको लेकर विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को बार-बार अवगत करवाने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बोथरा ने बताया कि इस स्थिति के कारण भीषण गर्मी के समय में ना तो सही समय पर बिजली मिल पा रही है और ना ही विभाग द्वारा यह पोल ठीक किया जा रहा है। साथ ही बताया कि किशनलाल बोथरा के घर के सामने आंधी में गिरे विद्युत पोल को ठीक करवाने के लिए बिजली बोर्ड में सब जगह पर जाकर आ गये हैं, लेकिन अभी तक विभाग के अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया है। प्रेम बोथरा, मुकेश मीणा, मुकेश शर्मा व राजेश बोथरा आदि ने आंधी में गिरे विद्युत पोल को सही करने की मांग की है।

राजगढ़ के वार्ड 3 में महाराणा प्रताप चौक के पास आंधी से विद्युत पोल गिर गया था।

शार्प शूटरों की मदद करने वाले को जेल भेजा

सादुलपुर, (निसं)। गढवाल हत्या मामले में गवाह की हत्या के इरादे से हथियारों सहित भेजे गए तीन शार्प शूटरों की मदद करने तथा किराए के मकान में रखने के मामले में राजगढ थाना पुलिस ने प्रोडेक्शन वारंट पर गिरफ्तार आरोपी को एक दिन के रिमाण्ड के बाद जेल भेज दिया है।

थानाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि आरोपी आशीष शर्मा निवासी बेवड पीएस हमीरवास हाल सुभाष नगर वार्ड 12 सादुलपुर को हरियाणा के भिवानी जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया तथा पूछताछ के लिए आरोपी को न्यायालय में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड लिया गया। जिसके बाद शनिवार को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में गिरफ्तार आरोपी कपिल पंडित से पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आशीष शर्मा ने 24 दिसंबर 2023 को बस ऑपरेटर राजेंद्र गढवाल हत्या मामले में एक गवाह की हत्या के इरादे से शहर में अवैध हथियारों सहित तीन शार्प शूटरों की मदद की थी। जेल से कपिल पंडित का आशीष के पास शार्प शूटरों की मदद के लिए फोन आया था तथा पुलिस ने तीन शार्प शूटरों को गिरफ्तार कर दो पिस्टल, तीन मैगजीन तथा 15 जिंदा कारतूस बरामद किये थे।

सार-समाचार

पूर्व विधायक पूनिया ने की जनसुनवाई

सादुलपुर, (निसं)। शनिवार को पूर्व विधायक डॉ कृष्णा पूनिया ने अपने निवास स्थान राजगढ पर बिजली और पानी से संबंधित समस्याओं को सुना। लोगों ने पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया को बिजली की कटौती ओर पानी नहीं मिलने ओर आंधी के कारण टूटे हुए बिजली के पोलो को न बदलने की समस्या से अवगत करवाया। डॉ. कृष्णा पूनिया ने मौके पर उच्च अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाकर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सज्जन पूनिया, कमल बजाड, धोलू सूरतपुरा, संदीप पूनिया, राकेश पूनिया, रामकुमार धानिया, लीलाधर सुरा, राजेश्वर श्योराण, वेदपाल आदि उपस्थित रहे।

ओबीसी वेलफेयर सोसाइटी का स्थापना दिवस मनाया

चूरू, (का.सं.)। जिला मुख्यालय जयपुर पुलिया के निकटवर्ती किसान घाट सभागार में जिला ओबीसी वेलफेयर सोसाइटी चुरु का प्रथम स्थापना दिवस एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति की अध्यक्षता में मनाया गया।

उन्होंने संस्था के द्वितीय वर्ष गांठ की शुरुआत पन्छियों के घोंसले व पानी के परिंडें लगाकर पर्यावरण संरक्षण से करते हुए पदाधिकारियों से कहा कि वृक्ष प्रकृति का श्रृंगार है। पन्छियों का घर.बार है। हमें इस स्थाई सम्पदा निर्माण में अग्रिम भागीदारी सुनिश्चित कर वर्षा जल संग्रहण करना है। इस अवसर पर एक वर्ष के कार्यकाल की समीक्षा करते हुए मुख्य महासचिव चन्द्र मोहन सैनी ने कहा कि संस्था की पूरे लोकसभा क्षेत्र में हुई तहसील स्तरीय बैठकों में उपस्थित बहुजनों ने सहभागिता दी तथा संस्था की ओर से की जा रही मांगों को समर्थन दिया। संस्था का उद्देश्य समाज के सर्वांगीण विकास में कुरितियां निवारण, आर्थिक, सांस्कृतिक, सामाजिक संस्कारित, राजनैतिक, शैक्षिक विकास के साथ ही संविधान के अनुच्छेद 40के पुर्णत् लागु करवाने ,रोहिणी आयोग की रिपोर्ट को लागू करवाने, जाति जनगणना के लिए जनजागरण अभियान को जन जन तक पहुंचा कर अति पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करना है। कार्यक्रम में शिक्षाविद्ध साहित्य प्रेमी ओमप्रकाश तंवर ने कहा कि हमें अभियान को हर शहर गांव तक ले जाकर आने वाली पीढ़ि को संस्कारित शिक्षा देने के लिए अग्रसर होना है।

विधायक न्यांगली ने मांगों को मंत्रियों के सामने रखा

सादुलपुर, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र की दर्जनभर महत्वपूर्ण मांगों सहित प्रदेश के युवाओं की विभिन्न मांगों को लेकर विधायक मनोज न्यांगली हफ्तेभर से जयपुर में डेरा डाले हुए हैं।

- **बिजली, सड़क, चिकित्सा, नहर, फसल बीमा सहित दर्जन भर मांगें रखी**

सिद्धमुख पंचायत समिति कार्यालय भवन का निर्माण, बकाया फसल बीमा, चैनपुरा छोटा में 220 केवी जीएसएस के कार्य को पूर्ण करने, जिले में पुलिस महकमे में रिक्त पड़े सैकड़ों पदों को तुरंत भरने, राजगढ के सरकारी अस्पताल में ब्लड स्टोरेज पुनः शुरू करने, सिद्धमुख नहर के 14 गांवों में चक्कबंदी कार्य पूर्ण करने व नहर विस्तार, क्षेत्र में लंबित 16 सडकों तथा निविदाधीन 7 सडकों का निर्माण कार्य पूर्ण करवाने, रीट भर्ती 2016 तथा 2018 की भर्ती प्रक्रिया की खामियों की बिंदुवार जांच, युवा मित्रों की बहाली, चिरंजीवी/ आयुष्मान योजना में इंटर स्टेट पोर्टबिलिटी सुविधा लागू करने, नजदीकी राज्यों से सादुलपुर में विवाहित आरक्षित वर्ग की महिलाओं को सुगमता से जाति प्रमाण पत्र जारी करने बाबत सार्वजनिक पत्र तहसील कार्यालयों में चस्पा करवाने, प्रक्रियाधीन रीट भर्ती 2022 में पात्र अभ्यर्थियों की सत्यापन सूचि संबंधित जिलों को प्रेषित करने सहित विभिन्न मांगो को लेकर मुख्य शासन सचिवालय जयपुर के मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर अलग-अलग विभागों के मंत्रियों के पास पहुंचकर उपरोक्त मांगों को शीघ्र पूर्ण करने की मांग की है।

साथ ही सिद्धमुख पंचायत समिति में प्रशासक की नियुक्ति व नव स्थापित सरकारी कॉलेज में स्टॉफ की नियुक्ति को लेकर भी विधायक मनोज न्याँगली ने संबंधित मंत्रालयों को अवगत करवाया है।

विधायक न्याँगली ने स्वयं को विधानसभा की मार्फत प्राप्त तथ्यों के आधार पर क्षेत्र में लंबित विभिन्न कार्य योजनाओं को पूर्ण करने की मांगों को भी पुरजोर तरीके से सरकार के समक्ष रखा है।

शिक्षक संघ अंबेडकर की बैठक

सादुलपुर, (निसं)। शिक्षक संघ अंबेडकर शाखा राजगढ की शनिवार को दलित छात्रावास में मास्टर मानसिंह मेघवाल की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया।

मीटिंग में सभाकक्ष का सौंदर्यकरण का अवलोकन किया गया। साथ ही बकाया काम को अंतिम रूप देने के लिए विचार विमर्श कर सहयोग मांगा गया। दलित छात्रावास में राजस्थान शिक्षक संघ आंबेडकर शाखा राजगढ की बैठक में सर्वप्रथम छात्रावास में स्थित बडे हॉल को सभागार के रूप में तैयार किए जाने की आम सहमति बनी। वहीं मीटिंग में इस हॉल में अच्छी क्वालिटी का रंग, खिडकियों के टूटे कांच, खिडकियों के पर्दे, जाजम या दरियां, बहुजन महापुरुषों की तश्वीरें, 6 पंखे और थोडी बहुत बिजली फिटिंग की आवश्यकता है। मानसिंह मेहरा व ब्रह्मानंद मेहरा ने आगामी दिनों के शिक्षा मंत्री के दौरे को देखते हुए तैयारियों के लिए उपस्थित शिक्षकों की राय ली। मीटिंग में रघुवीर बाडेटिया, चंद्रभान गोठवाल, उमेद सुनिया, सुभाष बागोत, ब्रह्मानन्द, देवीलाल रंगा, जयवीर, बलवान सहित अनेक शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

राजेन्द्र सिहाग भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष बने

नोहर, (निसं)। नोहर में भारतीय किसान संघ की तहसील शाखा के सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन को जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय किसान संघ एक गैर राजनीतिक किसान संगठन है जो कि हमेशा किसान के लिए संघर्ष करता है।

सम्मेलन में आए हुए दिलीप सोनी प्रखंड अध्यक्ष ने अपना बधाई संदेश दिया और कहा कि यह संगठन राष्ट्रिहत में काम करने वाला है। इस संगठन का मुख्य लक्ष्य किसान और राष्ट्र को अधिक से अधिक शक्ति प्रदान करवाना है। भारतीय किसान संघ के इस सम्मेलन में किशोर सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष, दीपचंद बेनीवाल जिला परिषद सदस्य, सुरेंद्र स्वामी जिला कार्यकारिणी सदस्य, किशोर सिंह, बेगराज शर्मा, दीपचंद बेनीवाल एवं अजय सिंह ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

सम्मेलन में पृथ्वी सिंह साहू महामंत्री ने त्री-वार्षिक रिपोर्ट पेश की सम्मेलन में आए हुए किसानों ने भी अपने विचार व्यक्त किया । सम्मेलन में शेखू सिंह बरवाली, राजेंद्र भांभू रामगढ़ ,महेंद्र सिंह चारणवासी दयाराम साहू, शंकर कड़वासरा, दयाराम रतनपुर नरेश कड़वासरा ने किसानों की समस्याओं को रखा और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह ने पुरानी कार्यकारणी को भंग कर नहीं कार्यकारिणी बनने पर अपने विचार व्यक्त किया। गांव से आए हुए अध्यक्ष और महामंत्रियों ने सर्व सहमति से राजेंद्र सिहाग को पुनः नोहर का तहसील अध्यक्ष, पृथ्वी सिंह साहू को महामंत्री और गूगल राम बेनीवाल को उपाध्यक्ष का चुनाव किया और और कार्यकारिणी का गठन का अधिकार तहसील शाखा को दिया, रामगढ़ उप तहसील की भी कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें शेखू सिंह बरवाली को अध्यक्ष राजेंद्र भांभू रामगढ़ को महामंत्री, फेफना उप तहसील का भी गठन किया गया जिसमें पूरणमल को अध्यक्ष दयाराम रतनपुरा को महामंत्री का चुनाव किया गया। उसके बाद में धान मंडी के अंदर किसान एकता जिंदाबाद के नारे के साथ रैली निकाली गई और नवनिर्वाचित अध्यक्ष महामंत्री और उपाध्यक्षों का स्वागत किया।

नव-निर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट राजेन्द्र सिहाग व कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत किया।

चार्ज संभाला

मुकुंदगढ़, (निसं)। थाने में शुक्रवार को नए थानाधिकारी रमेश कुमार मीणा ने पदभार संभाला।

गंगा दशहरा पर्व आज

चूरू, (का.सं.)। शहर में सफेद घंटाघर के पास स्थित गंगा माई के मंदिर में आज 16 जून को गंगा दशहरा पर्व मनाया जाएगा। पुजारी रोहित दीक्षित ने बताया कि गंगा दशहरा पर्व मां गंगा के इस पृथ्वी लोक पर आगमन के उपलक्ष में मनाया जाता है। वेद पुराणों के अनुसार जेष्ठ शुक्ल दशमी के दिन मां गंगा धरती पर राजा भागीरथ के पूर्वजों एवं समस्त पृथ्वी लोक को पापों से मुक्त करने के लिए अवतरित हुई थी। इस दिन जो व्यक्ति हरिद्वार मैं गंगा स्नान नहीं कर सकते वे लोग गंगा माई के मंदिर जाकर स्वयं को लाभान्वित करते है। शहर के अलग.अलग हिस्सों से प्रभात फेरी निकाली जाती है। महिलाएं अपने पारंपरिक परिधानों में मंदिर जाकर मां गंगा की कथा सुनकर अपने परिवार की सुखद कामनाएं करती है।

कलेक्टर ने आमजन के अभाव अभियोग सुने

चूरू, (कासं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने शुक्रवार रात्रि जिले के सालासर में रात्रि चौपाल का आयोजन कर आमजन के अभाव अभियोग सुने और समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

सालासर के राजकीय दामोदर लाल सरावगी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित रात्रि चौपाल में उपस्थित आमजन ने सालासर में अवैध पार्किंग के कारण यातायात की समस्या बताई। जिस पर जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रस्ताव लेकर पार्किंग की जगह चिन्हित करें और अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करें। मंदिर व बाजार इलाके में भीड़-भाड़ होने के कारण ट्रैफिक पुलिस नियंत्रण करे तथा सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करें। वार्ड नंबर 2 व 9 के लोगों ने बिजली, पानी आपूर्ति की समस्या रखी। जिस पर जिला कलेक्टर ने पीएचईडी व डिस्कॉम के अधिकारियों को समुचित आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आमजन द्वारा साफ-सफाई, पेयजल व बिजली आपूर्ति, अतिक्रमणए कचरा प्रबंधन आदि के संबंध में परिवाद प्राप्त हुए। जिन पर जिला कलेक्टर सत्यानी ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा निर्धारित कर शिकायतों के निस्तारण की बात कही।

उन्होंने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि प्रशासन आमजन की शिकायतों के निस्तारण को लेकर बहुत संवेदनशील है। इसलिए आमजन अपनी शिकायतों को रखें व निस्तारण में प्रशासन का भी यथाआवश्यक सहयोग करें।

- **सालासर में रात्रि चौपाल के बाद सुबह गौशाला व सीएचसी का निरीक्षण किया**

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सरकार आमजन की समस्याओं के प्रति गंभीर है। अधिकारी आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें तथा आमजन को संतुष्ट करें। इसके लिए अपनी टीम व संसाधनों का सुनियोजित प्रबंधन करें।

जिला कलेक्टर सत्यानी ने रात्रि विश्राम के बाद शनिवार सवेरे सालासर के आईटी सेंटर में सभी अधिकारियों की बैठक लेकर उनसे संबंधित शिकायतों के बारे में विचार-विमर्श करते हुए निस्तारण के लिए टाइमलाइन निर्धारित की और निस्तारण के बाद रिपोर्ट करने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में जिला कलक्टर ने श्रीबालाजी गौशाला के सामने बने आरआरसी सेंटर का निरीक्षण किया तथा कचरा प्रबंधन व्यवस्था देखी। आरआरसी सेंटर की दीवार क्षतिग्रस्त पाए जाने पर जिला कलक्टर ने यथाशीघ्र मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। इसके बाद जिला कलक्टर ने श्री बालाजी गौशाला समिति व सालासर सीएचसी का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

इसके बाद श्रीबालाजी गौशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने हाइड्रोपोनिक तकनीक से हरा चारा तैयार करने के प्लांट व गोबर गैस प्लांट का अवलोकन किया तथा संधारित गोवंश की संख्या, पेयजल व बिजली आपूर्ति, सफाई व्यवस्था, गोवंश के लिए चिकित्सा सुविधा, टैगशुदा व बिना टैगशुदा गोवंश, सरकारी अनुदान सहित बिन्दुओं की जानकारी ली तथा गौशाला में गोबरधन योजना में बन रहे गोबर गैस संयंत्र को शीघ्र पूरा करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनियाए सीईओ मोहनलाल खटनावलिया, सुजानगढ़ तहसीलदार सुभाष स्वामीए बीडीओ भागीरथ व्यास भी उनके साथ रहे।

'योग दिवस कार्यक्रम में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी'

चूरू, (कासं)। जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग की ओर से आगामी 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह पूर्वक मनाया जायेगा।

जिसको लेकर उपनिदेशक एवं नोडल अधिकारी डॉ. रामकृष्ण शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस लाइन मैदान में 21 जून को प्रातः

- **जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह पूर्वक मनाया जायेगा**

7 से 8 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें जिला-स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, नागरिक, आमजन व जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर शनिवार को उपनिदेषक कार्यालय में उपनिदेषक रामकृष्ण शर्मा की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपनिदेशक शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सभी तहसील मुख्यालयों व ग्राम पंचायत स्तर पर होगा। शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारीयां पूर्ण कर ली गई है। प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर योग शिक्षक एवं नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिये गये हैं।

इसको लेकर जिला मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय, ग्राम पंचायत मुख्यालय व आयुष आरोग्य मंदिरों पर योग का पूर्वाभ्यास नियमित रूप से करवाया जा रहा है। बैठक को सम्बोधित करते हुये उपनिदेशक शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, अन्यथा संबंधित कर्मचारी पर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में सहायक उप निदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी योगेंद्र शर्मा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी हीरालाल, कनिष्क सहायक आशीष कुमार, डॉ. गजानंद पारीक, डॉ. मनोज चौहान, डॉ. सिद्धार्थ जोशी, डॉ. हरीश सैनी, डॉ. कमलेश शर्मा, डॉ. प्रदीप भारद्वाज, डॉ. संजय तंवर, डॉ. दीपचंद शेखू, बाबूलाल दर्जी, वरिष्ठ सहायक रुक्मणी कंवर, रवि प्रकाश शर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर ब्लॉक-स्तरीय बैठक में उपनिदेशक रामकृष्ण शर्मा ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

52 विद्यार्थियों को मिलेगी इंस्पायर स्कॉलरशिप

नवलगढ़, (निसं)। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रदत्त इंस्पायर अवार्ड 2024 में सरस्वती स्कूल बलवंतपुरा के 52 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। विद्यालय निदेशक बीरबल सिंह गोदारा ने बताया कि यह इंस्पायर स्कॉलरशिप माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर की ओर से जारी 12वीं विज्ञान के परीक्षा परिणाम में में टॉप एक प्रतिशत विद्यार्थियों को दिया जाता है।

इस सत्र 93 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अध्ययन और कॅरिअर बनाने के लिए रिसर्च के लिए विभाग द्वारा यह स्कॉलरशिप बिना अंतराल के लगातार बीएससी, एमएससी करने पर पांच वर्ष तक प्रति वर्ष 80 हजार रूपए वार्षिक का इंस्पायर स्कॉलरशिप दी जाएगी। गौरलतब है कि प्रकार विद्यालय के 52 विद्यार्थियों को पांच वर्ष में 2 करोड़ 8 लाख रूपए का पुरस्कार मिलेगा। विद्यालय निदेशक बीरबल सिंह गोदारा ने चयनित विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाई दी। संस्था प्रशासनिक अधिकारी कीर्तिमान गोदारा ने बताया हर वर्ष इंस्पायर स्कॉलरशिप में विद्यालय के अधिकाधिक संख्या में विद्यार्थी चयनित हो रहे है। ये विद्यालय गौरव की बात है। विद्यालय प्रधानाचार्य हेमंत दाधीच ने बताया कि ये सफलता विद्यालय के अनुशासन, संस्कारमय वातावरण, शैक्षिणक नवाचार व नवीन संसाधनों के माध्यम से हासिल हो रही है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में भी ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है।

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्याक 4
न्यायालय मोटर दुर्घटना वाद न्यायाधिकरण
कम संख्या 1, नीमकाथाना
इश्तिहार
मुआवजा याचिका
मुकदमा नं. 144/2013
सी.आई.एस नं. 842/2014
राजु पुत्र सोहनलाल जाति बलाई निवासी ढाणी नन्दुवाला तन भगेश्वर पो. डोकन तहसील नीमकाथाना जिला सीकर राज.
बनाम
राजेन्द्रसिंह पुत्र फूलसिंह निवासी प्लाट नं. 221 जालुपुराएस.सी. रोड जयपुर
आप राजेन्द्रसिंह पुत्र फूलसिंह निवासी प्लाट नं. 221 जालुपुरा एस.सी. रोड जयपुर के विरूद्ध उक्त आवेदक ने इस न्यायालय में यह आवेदन सडक दुर्घटना में आहत होने के कारण क्षित पूर्ती राशि प्राप्त करने के लिए किया है
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उसव आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए इस न्यायालय में तारीख 18.6.2024 को दिन सुबह 7.30 बजे स्वंय या अपने ऐसी प्लीडर द्वारा सम्यक रूप से अनुदेश्य किया गया जो उपसंजात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेगे तो उक्त याचिका की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
यह आज दिनांक 15 माह जून सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
मोटर दुर्घटना वाद न्यायाधिकरण
क्रम संख्या 1 नीमकाथाना
आज्ञा से-वरिष्ठ प्रस्तुतकार
मोटर दुर्घटना वाद न्यायाधीकरण
(ए.डी.जे. क्र.सं.1)
नीमकाथाना (राज.)
मोहर अदालत

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्याक-4
न्यायालय मोटर दुर्घटना वाद न्यायाधिकरण
क्रम संख्या 1. नीमकाथाना
इश्तिहार
मुआवजा याचिका
मुकदमा नं. 145/2013
सी.आई.एस. नं. 837/2014
राजु पुत्र सोहनलाल जाति बलाई निवासी ढाणी नन्दुवाला तन भगेश्वर पो. डोकन तहसील नीमकाथाना जिला सीकर राज.
बनाम
राजेन्द्रसिंह पुत्र फूलसिंह निवासी प्लाट नं. 221 जालुपुरा एस.सी. रोड जयपुर
आप राजेन्द्रसिंह पुत्र फूलसिंह निवासी प्लाट नं. 221 जालुपुरा एस सी रोड जयपुर के विरूद्ध उक्त आवेदक ने इस न्यायालय में यह आवेदन सडक दुर्घटना में आहत होने के कारण क्षति पूर्ती राशि प्राप्त करने के लिए किया है।
अतः आपको चचेतावनी दी जाती है कि आप उसव आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए इस न्यायालय में तारीख 18.06.2024 को दिन सुबह 7.30 बजे स्वयं या अपने ऐसी प्लीडर द्वारा सम्यक रूप से अनुदेश किया गया जो उपसंजात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त याकिा की सुनवाई और उसका निपटरा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
यह आज दिनांक 15 माह जून सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
मोटर दुर्घटना वाद न्यायाधिकरण
क्रम संख्या 1 नीमकाथाना
आज्ञा से-वरिष्ठ प्रस्तुतकार
मोटर दुर्घटना वाद न्यायाधीकरण
ए.डी.जे. क्र.सं.1)
नीमकाथाना (राज.)
मोहर अदालत

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) अधीन
मु.नु.56/2024/1509 दिनांक- 07.06.2024
नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम,वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि शैलेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री शिवभगवान शर्मा, पखा रोड जतीजी की बगीची के पीछे, चूरू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(4) के अन्तर्गत गौ सेवा शिविर गौशाला समिति, चूरू प्रन्यास के संबंध में जां किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से आठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करें।
और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 05.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।
प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.08.2024 निश्चित है।
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, बीकानेर

बेदखली सर्वसाधारण सूचना
मनके जयकिशन उम्र 47 साल पुत्र मनोहर एवं चन्द्रपति उम्र 45 साल पत्नी जयकिशन जाति जाट निवासी ग्वालीसर तहसील सिद्धमुख जिला चूरू (राज.) के हैं जो निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करते हैं कि:- यह कि हमारी पुत्री मोनिका उम्र 25 साल हमारे कहे अनुसार नहीं चलती है आवारा व बदमास प्रवृती के लोगों की संगत में रहती है, हमारे बिना बताये किसी अन्य लडके से शादी कर ली है। लोगों से हमारे व हमारे परिवार के नाम से रूपये व सामान ले लेती है और उनके द्वारा वापिस मांगने पर झगडा फसाद करती है। तथा हमारे द्वारा समझाने पर भी नहीं मान रही है। हमें हमारी उक्त पुत्री से जान माल का खतरा है। इस कारण हमनें आज दिनांक 15..6.2.24 को हमारी उक्त पुत्री को हमारे परिवार की सम्पूर्ण जायदाद व सम्पति से बेदखल कर दिया है। आज से हमारी उक्त पुत्री का हमारी किसी भी प्रकार की सम्पति व जायदाद में किसी भी प्रकार का कोई हिस्सा नहीं रहा है। हमने हमारी उक्त पुत्री को हमारे परिवार से अलग कर दिया है। हम शेष सभी सदस्य हमारी उक्त पुत्री से अलग परिवार बनाकर रहने लग गये है। आज के बाद हमारी उक्त पुत्री द्वारा किये जाने वाले किसी प्रकार के कोई लेन-देन के जिम्मेवार वह स्वंय होगें, हमारे घर व परिवार से इसका कोई लेना देना नहीं रहा है। आज से हमारी उक्त पुत्री को घर से अलग कर दिया है। हमारी उक्त पुत्री के द्वारा किसी भी प्रकार का लेन-देन करने, वाद विवाद या झगडा फसाद करने, मुकदमा, दावा आदि करने पर या अन्य कोई भी गलत काम करने पर हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। समस्त प्रकार की जिम्मेवारी उसकी स्वयं की होगी। हम सर्व साधारण को सूचित करते है। सूचित रहे।
दिनांक :- 15.06.2024
शपथग्रहिता-जयकिशन उम्र 47 साल पुत्र मनोहर एवं चन्द्रपति उम्र 45 साल पत्नी जयकिशन जाति जाट निवासी ग्वालीसर तहसील सिद्धमुख जिला चूरू (राज.)

कृषि विभाग राजस्थान DOA
राजस्थान सरकार
आज़ादी का अमृत महोत्सव
कार्यालय संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद चूरु
ddagr.chu.agri@rajasthan.gov.in & ddagr.chu@rediffmail.com Phone No. 01562-250395
क्रमांक-1317-20 दिनांक-13.06.2024
खुली बोली सूचना बोली-02/2024-25
वर्ष 2024-25 में बीज मिनिकिट्स एवं आदान का वितरण किये जाने हेतु परिवहन दरों का तहसील वार अनुबंध किया जाना है। इस हेतु बीज मिनिकिट्स का रायुक्त निदेशक कार्यालय चूरू / किसान रोया केन्द्रों / से जिले में स्थित अनुगत समिति चार विभिन्न ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर पहुँचाने हेतु परिवहन की प्रति किमी दर कार्य एवं मिनिकिट्स अनलोडिंग /लोडिंग का कार्य करवाने हेतु इच्छुक व्यक्तियों / संस्थाओं/फर्मों / एजेन्सीयों से परिवहन की प्रति किमी दर एवं मिनिकिट्स की लोडिंग एवं अनलोडिंग प्रति विंवटल दर की बोली हेतु गोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है।

बोली संख्या	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	निविदा शुल्क	अमानत राशि	बोली प्राप्त करने की अंतिम दिनांक व समय	बोली खोलने की दिनांक व समय
1	बीज मिनिकिट्स परिवहन एवं लोडिंग अनलोडिंग कार्य	5 लाख	200 प्रति निविदा प्रपत्र	10000/- डी.डी/बैंकर्स चैक	18.06.2024 व 1.00PM	18.06.2024 व 3.00PM

1. निविदा प्रपत्